UPBS120006112020

**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०) खलीलाबाद स्थान– बस्ती।**

**मूलवाद सं० 514/2020**

**अर्जुन सिंह बनाम भीम सिंह आदि**

**16.12.2020**

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थना पत्र कागज सं० 6 ग२ पर वादी के विद्वान अधिवक्ता को एकपक्षीय रूप से सुना तथा पत्रावली का सम्यक परिशीलन किया।

पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि वादी द्वारा विवादित मकान अक्षरान M,N,C,D प्रदर्शित नक्शा नजरी वादपत्र स्थित आराजी सं० 602, विवादित भूमि प्रदर्शित अक्षरान A,D,E,F तथा भूमि अक्षरान K,L,H,I प्रदर्शित नक्शा नजरी वादपत्र स्थित आराजी सं० 603 के 1/3 भाग के संबंध में अस्थायी निषेधाज्ञा की याचना के साथ प्रस्तुत किया गया है। वादी द्वारा अपने अभिकथन के समर्थन में सबूत सूची कागज सं० 10 ग 1 द्वारा नकल सुलहनामा एवं डिक्री मूलवाद सं० 29/1992 कागज सं० 11 ग 1/1 व 11 ग 1/15, नकल खतौनी कागज सं० 12 ग 1/1 लगायत 12 ग 1/2, दाखिल किया गया है। खतौनी के अवलोकन से विदित होता है कि वादी एवं प्रतिवादीगण विवादित आराजियात के सहखातेदार है। अतः ऐसी स्थिति में बिना प्रतिवादीगण को सुने एकपक्षीय आदेश पारित किया जाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है।

**आदेश**

प्रतिवादीगण को नोटिस जारी हो। वादी पैरवी अन्दर तीन दिवस करे। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र 6 ग२ दिनांक–02.01.2021 को पेश हो।

प्रभारी सिविल जज (जू०डि०)
खलीलाबाद स्थान– बस्ती।

**निस्तारण प्रार्थना पत्र 8 ग२**

वादी द्वारा प्रार्थना पत्र 8 ग 2 विवादित भूमि का नक्शा एवं आख्या जरिए अदालत अमीन मंगवाए जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है। वाद के निस्तारण में अमीन रिपोर्ट व नक्शा सहायक होगा। अतः प्रार्थनापत्र 8 ग 2 स्वीकार किया जाता है। अदालत अमीन को परवाना जारी हो। वादी पैरवी करे।

प्रभारी सिविल जज (जू०डि०)
खलीलाबाद स्थान– बस्ती।